**Set No-1**

**Series Z1YXW/1**

**Q.P.Code 4/1/1**

**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- **नोटः–** कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **14** हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र कर वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (HINDI)

# पाठ्यक्रम (COURSE-B)

# संकेत एवं उत्तर (HINTS & SOLUTIONS)

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम् : 80**

## सामान्य निर्देश :

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए:**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए:**

**(i)** इस प्रश्न–पत्र में कुल 18 प्रश्न है। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

**(ii)** इस प्रश्न –पत्र में दो खंड हैं– **खंड 'अ' और ब'।**

**(iii)** **खंड–अ** में उपप्रश्नों सहित 45 बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**(iv)** **खंड 'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।

**(v)** प्रश्नों के उत्तर दिये गए निर्देशों पालन करते हुए लिखिए।

**(vi)** यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

# खंड 'अ'

## वस्तुपरक/बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: 5 × 1 = 5**

कम उम्र में स्क्रीन पर अधिक से अधिक समय बिताना बच्चों के लिए बेहद हानिकारक है। अब तक तो टीवी या कंप्यूटर ही था, जिसे माता–पिता या घर के बड़े लोग नियंत्रित कर सकते हैं, मगर मोबाइल, टैब तो हाथ में होता है। उस पर कितना समय बिताया, यह आसानी से पता नहीं चलता । फिर अगर ये पढ़ाई का हिस्सा हो, तब भी कोई रोक–टोक भी कैसे की जा सकती है ? एक वक्त था, जब स्कूलों में बच्चों के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध था। लेकिन कोरोना महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों ने बच्चों और स्मार्ट फोन की दूरी हटा दी। उन दिनों माता–पिता ऐसी शिकायत करते हुए पाए गए कि आखिर 24 घंटे वे कैसे नजर रख सकते हैं कि बच्चे क्या देख रहे हैं ? ऐसी रिपोट भी आई हैं कि अपने देश में बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं । गलत वेबसाइटों पर जाकर तथा उसे देखकर कई बच्चे ऐसे–ऐसे अपराध करने लगे हैं जिनके बारे में पहले सुना नहीं जाता था। समय आ गया है कि बच्चों के गैजेट्स इस्तेमाल करने को लेकर एक सुस्पष्ट सलाह के साथ देश में जागरूकता अभियान चलाया जाए। यदि समय के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है तो इन्हें नई–नई तकनीक से दूर नहीं किया जा सकता, मगर एक संतुलन भी आवश्यक है।

(i) गद्यांश में कंप्यूटर की तुलना में मोबाइल को अधिक हानिप्रद क्यों माना गया है? 1
(a) इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण आँखों पर बुरा असर पड़ता है।
(b) इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण इसका रेडियेशन भी अधिक होता है।
(c) छोटा होने के कारण इस पर बिताए समय का हिसाब नहीं रखा जा सकता ।
(d) छोटा होने के कारण इसके गुम जाने पर इसे खोजना मुश्किल होता है।
उत्तर– (c) छोटा होने के कारण इस पर बिताए समय का हिसाब नहीं रखा जा सकता ।

(ii) टैब और मोबाइल पर रोक लगाने में सबसे बड़ी बाधा क्या है? 1
(a) माता–पिता तथा अभिभावकों का शिक्षित न होना ।
(b) टैब और मोबाइल का पढ़ाई का हिस्सा होना ।
(c) रोक लगाने के उपायों की जानकारी न होना।
(d) बच्चों का टैब और मोबाइल का आदी होना ।
उत्तर– (b) टैब और मोबाइल का पढ़ाई का हिस्सा होना ।

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (B) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन (A):** गैजेट्स के इस्तेमाल को लेकर एक जागरूकता अभियान आवश्यक है। 1
**कारण (B) :** गैजेट्स वर्तमान में शिक्षा–व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है।
(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।
(c) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
उत्तर– (d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(iv) उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार किस देश के बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं ? 1
(a) जापान (b) भारत (c) चीन (d) अमेरिका
उत्तर– (a) भारत

(v) कोरोना ने छोटे स्क्रीन के उपयोग को किस रूप में प्रभावित किया ? 1
(a) छोटे स्क्रीन का उपयोग कम हो गया।
(b) छोटे स्क्रीन का उपयोग न्यूनतम हो गया ।
(c) इसका उपयोग बिलकुल अप्रभावित ही रहा।
(d) इसका उपयोग काफी अधिक बढ़ गया।
उत्तर– (d) इसका उपयोग काफी अधिक बढ़ गया।

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए:** **5 × 1 = 5**

पृथ्वी पर लगातार मँडराते खतरे को देखते हुए एक अमेरिकी उद्यमी द्वारा एक इंसानी बीज बैंक को चाँद पर स्थापित करने की तैयारी हो गई है। अगर कभी इस धरती पर इंसान खत्म हो गए तो मानव सभ्यता को फिर शुरू करने में यह बैंक सहायक होगा। एक भी इंसान नहीं बचा, तो फिर बैंक का क्या होगा ? यह भी सोच लिया गया है। उस स्थिति में शायद कभी किसी और ग्रह से जीव या एलियन आएँगे और चाँद पर पहुँचकर उस बैंक के सहारे इंसान जैसी खूबसूरत कृति पुनः निर्मित करेंगे । पृथ्वी पर विनाश की स्थिति में मानव बीज बैंक ही मानव के पुनर्जन्म की संभावना को जीवित रखेगा। ऐसा स्वप्न देखने वाली कंपनी लाइफशिप की स्थापना 2019 में हो गई थी। यह कंपनी लार के रूप में लोगों का डी एन ए चाँद पर भेजने की पेशकश करती है। यह एक तरह से 99 डलर में चाँद के लिए एकतरफा टिकट है। चाँद पर आपकी लार मानव बीज बैंक में हमेशा के लिए रह जाएगी । वैज्ञानिक ष्टिकोण से देखें तो यह मानव डाटा या मानव अस्तित्व के मूल को हमेशा के लिए संरक्षित करने का काम है। सौरमंडल के विभिन्न हिस्सों में और शायद उससे आगे भी ऐसे किसी बैंक की स्थापना संभव है।

(i) 'लाइफशिप मानव बीजों को किस रूप में संरक्षित करने के लिए प्रयासरत है ? **1**

(a) रक्त के रूप में डी एन ए (b) लार के रूप में डी एन ए
(c) बीज के रूप में डी एन ए (d) सेल के रूप में डी एन ए

उत्तर– (b) लार के रूप में डी एन ए

(ii) भविष्य में मानव अस्तित्व को संरक्षित करना संभव है – **1**

(a) सौरमंडल के दूसरे ग्रहों के प्राणियों से मदद लेकर ।
(b) सौरमंडल के दूसरे ग्रहों के प्राणियों को मदद देकर ।
(c) सौरमंडल को छोड़कर उससे आगे बीज बैंक स्थापित करके ।
(d) सौरमंडल तथा उससे आगे भी बीज बैंक स्थापित करके ।

उत्तर– (d) सौरमंडल तथा उससे आगे भी बीज बैंक स्थापित करके ।

(iii) मानव मूल को चाँद पर मानव बीज बैंक के रूप में स्थापित करने जैसे प्रयास को क्या माना जा सकता है? **1**

(a) काल्पनिक (b) अवैज्ञानिक (c) वैज्ञानिक (d) वैचारिक

उत्तर– (c) वैज्ञानिक

(iv) लाइफशिप कंपनी की स्थापना किस उद्देश्य से की गई है? **1**

(a) एलियन्स को धरती पर मानव जैसी सर्वश्रेष्ठ ति के बारे में बताना परंतु उन्हें पृथ्वी से दूर रखना
(b) एलियन्स को धरती पर मानव जैसी सर्वश्रेष्ठ ति के बारे में बताना परंतु उन्हें चाँद पर ही रखना ।
(c) पृथ्वी पर संपूर्ण विनाश की स्थिति में मानव को पुनर्जन्म देने की संभावना को जीवित रखना ।
(d) पृथ्वी पर संपूर्ण विनाश की स्थिति में मानव को चाँद पर जीवित रखने की कोशिश करना ।

उत्तर– (c) पृथ्वी पर संपूर्ण विनाश की स्थिति में मानव को पुनर्जन्म देने की संभावना को जीवित रखना ।

(v) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: **1**

(क) मानव बीज बैंक धरती पर इंसानी सभ्यता के नष्ट होने की स्थिति में उपयोगी होगा।
(ख) मानव बीज बैंक चाँद पर सामान्य परिस्थितियों में भी सामान्य बैंक की तरह कार्यरत होगा ।
(ग) मानव बीज बैंक की चाँद पर स्थापना करने का विचार सर्वथा अवास्तविक और काल्पनिक है।
(घ) मानव बीज बैंक की स्थापना नासा द्वारा किया गया एक विशेष अभियान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/कौन–से, कथन सही है/सही हैं?

(a) केवल (क) (b) केवल (ख) (c) (क) और (ग) (d) (ख) और (घ)

उत्तर– (a) केवल (क)

**3. पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए:** **4 × 1 = 4**

(i) ''उन्होंने <u>छोटी–छोटी खिड़कियों वाला चौबारा</u> किराए पर ले रखा था ।'' वाक्य में रेखांकित पदबंध है – **1**

(a) विशेषण पदबंध (b) संज्ञा पदबंध (c) क्रियाविशेषण पदबंध (d) सर्वनाम पदबंध

उत्तर–(b) संज्ञा पदबंध

(ii) उसने एक तूफ़ानी रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाजों को उठाकर गेंद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया था।'' **1**

(क) जहाजों को उठाकर (ख) लहरों पर दौड़ते हुए

(ग) तीन दिशाओं में (घ) फेंक दिया था।

उपर्युक्त पदबंधों में से क्रिया पदबंध का उदाहरण है हैं–

(a) केवल (क) (b) केवल (घ) (c) (ख) और (घ) (d) (क) और (घ)

उत्तर–(b) केवल (घ)

(iii) ''वे एशिया के सबसे बड़े शोमैन के रूप में स्थापित हो चुके थे।''– इस वाक्य में क्रिया पदबंध है– **1**

(a) एशिया के सबसे बड़े (b) के रूप में स्थापित

(c) सबसे बड़े शोमैन (d) स्थापित हो चुके थे ।

उत्तर–(d) स्थापित हो चुके थे

(iv) ''महंत की <u>चिकनी चुपडी</u> बातों के भीतर की सच्चाई भी अब वह जान गए थे।''–रेखांकित पदबंध का प्रकार है– **1**

(a) सर्वनाम पदबंध (b) विशेषण पदबंध (c) क्रियाविशेषण पदबंध (d) संज्ञा पदबंध

उत्तर–(b) विशेषण पदबंध

(v) <u>"अपने बच्चों को न पाकर वे</u> खामोश और उदास हो गए।'' रेखांकित पदबंध का भेद है – **1**

(a) संज्ञा पदबंध (b) सर्वनाम पदबंध (c) विशेषण पदबंध (d) क्रिया पदबंध

उत्तर–(b) सर्वनाम पदबंध

**4. रचना की दृष्टि से वाक्य भेद पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **4 × 1 = 4**

(i) 'जब तमाम बच्चे खिलखिलाकर हँस पड़े तो वह शरमा गया।' रचना के आधार पर वाक्य–भेद बताइए । **1**

(a) सरल वाक्य (b) मिश्र वाक्य (c) विधानवाचक वाक्य (d) संयुक्त वाक्य

उत्तर–(b) मिश्र वाक्य

(ii) मैं उनकी लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य के रूप में रूपांतरित वाक्य है– **1**

(a) मैं उनकी लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता ।

(b) उनकी लताड़ के डर से मेरे आँसू बह जाते ।

(c) उनकी लताड़ सुनते ही मैं आँसू बहाने लगता ।

(d) जब मैं उनकी लताड़ सुनता, तब आँसू बहाने लगता ।

उत्तर–(d) जब मैं उनकी लताड़ सुनता, तब आँसू बहाने लगता ।

(iii) रचना की दृष्टि से वाक्य भेद विषय के संदर्भ में लिखिए कि निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन असत्य है? **1**

(a) मिश्र वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य के साथ आश्रित उपवाक्य भी होते हैं।

(b) वाक्य रूपांतरण, वाक्य को रचना की दृष्टि से एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित करना है ।

(c) संयुक्त वाक्यों में उसके प्रत्येक वाक्य का अपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है।

(d) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ भी परिवर्तित हो जाता है।

उत्तर–(d) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ भी परिवर्तित हो जाता है।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य नहीं है: **1**
(a) ऐसी कई बातें हैं जिनका ज्ञान उन्हें अधिक है।
(b) मुझे तुम्हारी इस कम अक्ली पर दुःख होता है।
(c) भाई साहब अब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे।
(d) सहसा बड़े भाई साहब से मेरी मुठभेड़ हो गई।
उत्तर–(a) ऐसी कई बातें हैं जिनका ज्ञान उन्हें अधिक है।

(v) 'मेरे सयाना होने पर मेरी पहली दोस्ती हरिहर काका के साथ हुई।' यह वाक्य रचना की दृष्टि से है – **1**
(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य (c) संयुक्त वाक्य (d) सामान्य वाक्य
उत्तर–(b) सरल वाक्य

**5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **4 × 1 = 4**

(i) 'शिल्पकार' शब्द किस समास का उदाहरण है ? **1**
(a) तत्पुरुष समास (b) अव्ययीभाव समास (c) द्वंद्व समास (d) बहुव्रीहि समास
उत्तर–(a) तत्पुरुष समास

(ii) किस समास में उत्तर पद प्रधान होता है? **1**
(a) अव्ययीभाव समास (b) द्वंद्व समास
(c) तत्पुरुष समास (d) बहुव्रीहि समास
**उत्तर**–(c) तत्पुरुष समास

(iii) 'महाविभूति' समस्त पद का उपयुक्त समास विग्रह है.– **1**
(a) महान की विभूति (b) महान है जो विभूति
(c) महान के लिए विभूति (d) महान से विभूति
उत्तर–(b) महान है जो विभूति

(iv) बहुव्रीहि समास का उदाहरण है – **1**
(a) पुस्तकालय (b) मेखलाकार (c) जनसंख्या (d)पंचानन
उत्तर–(d) पंचानन

(v) 'दुःख–रात्रि' का सही समास विग्रह और भेद किस विकल्प में है ? **1**
(a) दुःख रूपी रात्रि कर्मधारय समास (b) दुःख और रात्रि द्वंद्व समास
(c) दुःखी समान रात्रि कर्मधारय समास (d) दुःख समान रात्रि तत्पुरुष समास
उत्तर–(a) दुःख रूपी रात्रि कर्मधारय समास

**6. मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए:** **4 × 1 = 4**

(i) 'तीर मारना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है – **1**
(a) बड़ा काम करना (b) तीर से मारना
(c) अच्छा निशाना लगाना (d) निशानेबाज होना
**उत्तर**–(a) बड़ा काम करना

(ii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए: **1**
(I) हेकड़ी दिखाना – घमंड दिखाना
(II) ठंडा पड़ना – शांत होना
(III) सिर फिरना – अस्वस्थ होना
(IV) बाट जोहना – प्रतीक्षा करना
उपर्युक्त युग्मों में से कौन–सा/कौन–से युग्म, गलत सुमेलित है/हैं?
(a) केवल (II) (b) केवल (III) (c) (I) और (III) (d) (III) और (IV)
उत्तर–(b) केवल (III)

(iii) 'अस्तित्व को समाप्त कर देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन–सा है ? 1

(a) आग–बबूला हो जाना । (b) नामो–निशान मिटा देना
(c) घाव पर नमक छिड़कना (d) जमीन पर पाँव न रखना।

उत्तर–(b) नामो–निशान मिटा देना

(iv) 'वह पहले भी कई बार पुलिस की––––––––– है।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए। 1

(a) धमाचौकड़ी मचाना (b) सिर पर कफन बाँधना
(c) तार–तार करना (d) आँखों में धूल झोंकना

उत्तर–(d) आँखों में धूल झोंकना

(v) 'बेकार वस्तु' के लिए उपयुक्त मुहावरा है – 1

(a) दूध की मक्खी (b) गिद्ध दृष्टि (c) मुट्ठी भर (d) लगती बात

उत्तर–(a) दूध की मक्खी

(vi) 'मेरे दरजे में आओगे लाला तो ये सारे ––––––––पड़ेंगे।' 1
रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए ।

(a) पन्ने रंगना (b) पापड़ बेलना (c) फजीहत करना (d) चने चबाना

उत्तर–(b) पापड़ बेलना

**7. पठित काव्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **5 × 1 = 5**

खींच दो अपने खूं से जमीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावन कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

(i) काव्यांश में 'रावन किसका प्रतीक है? 1

(a) अधर्म के मार्ग पर चलने वाले का
(b) असत्य के मार्ग पर चलने वाले का
(c) भारत के प्रति शत्रुता भाव रखने वाले का
(d) भारत के प्रति सद्भावना रखने वाले का

उत्तर–(c) भारत के प्रति शत्रुता भाव रखने वाले का

(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए: 1

**कथन (A):** देश की रक्षा का दायित्व केवल सैनिकों का है।
**कारण (R):** देशवासियों को राम–लक्ष्मण के समान राष्ट्र रूपी सीता की रक्षा करनी चाहिए ।

(a) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।
(b) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
(c) कथन (A) तथा कारण कारण (R) दोनों गलत हैं।
(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

उत्तर–(b) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(iii) 'खींच दो अपने खूँ से जमीं पर लकीर' का आशय है – 1
(a) देश के लिए न्योछावर होने का उदाहरण रखना।
(b) रक्त–रंजित युद्ध में बढ़ चढ़कर भाग लेना।
(c) रक्त–रंजित युद्ध से बचने का प्रयास करना।
(d) देश हेतु आत्म बलिदान की जरूरत न होना।
उत्तर–(b) रक्त–रंजित युद्ध में बढ़ चढ़कर भाग लेना।

(iv) साथियो संबोधन से किसे संबोधित नहीं किया गया है? 1
(a) देशवासियों को (b) साथी सैनिकों को
(c) भावी सैनिकों को (d) प्रवासियों को
उत्तर–(d) प्रवासियों को

(v) काव्यांश में किसके हाथों को तोड़ने की बात की गई है? 1
(a) देश के प्रति गलत मंशा रखने वाले की (b) देश के प्रति उदार मंशा रखने वाले की
(c) सीता का अपहरण करने वाले व्यक्ति की (d) सीता को अपमानित करने वाले व्यक्ति की
उत्तर–(a) देश के प्रति गलत मंशा रखने वाले की

**8. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उचित विकल्पों को चुनकर लिखिए: 2 × 1 = 2**
(a) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए: 1
(क) हमारे पूर्वजों ने तोप जैसी अत्याचारी सत्ता को निस्तेज कर उखाड़ फेंका था ।
(ख) हमें सदा सजग सतर्क रहना चाहिए ताकि तोप जैसी ताकतें पुनः अपना पैर न जमाएँ ।
(ग) विरासत से प्राप्त चीजें हमें सिर्फ अतीत की उपलब्धियों से परिचित कराती हैं।
(घ) बीता समय कभी नहीं लौटता इसलिए हमें विरासत पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से सही कथन बताने के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए:
(a) (क) और (ख) (b) (ख) और (ग) (c) (ग) और (घ) (d) (क) और (घ)
उत्तर–(b) (ख) और (ग)

(b) 'आत्मत्राण' कविता में कवि ईश्वर से क्या चाहता है ? 1
(a) सुख के क्षणों में परमात्मा की याद (b) दुःख के क्षणों में एक सच्चा साथी
(c) जीवन में दुःख के क्षणों का अभाव (d) जीवन में सुख के क्षणों का अभाव
उत्तर–(a) सुख के क्षणों में परमात्मा की याद

**9. पठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनकर लिखिए: 5 × 1 = 5**

बामीरो घर पहुँचकर भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी। उसके भीतर तताँरा से मुक्त होने की एक झूठी छटपटाहट थी एक झल्लाहट में उसने दरवाजा बंद किया और मन को किसी और दिशा में ले जाने का प्रयास किया। बार–बार ततौंरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता। उसने ततौरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था । किंतु वही ततौंरा उसके सम्मुख एक अलग रूप में आया। सुंदर, बलिष्ठ किंतु बेहद शांत, सभ्य और भोला । उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था जैसा वह अपने जीवन–साथी के बारे में सोचती रही थी । किंतु एक दूसरे गाँव के युवक के साथ यह संबंध परंपरा के विरुद्ध था । अतएव उसने उसे भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा। किंतु यह असंभव जान पड़ा । ततौंरा बार–बार उसकी आँखों के सामने था। निर्निमेष याचक की तरह प्रतीक्षा में डूबा हुआ ।

(i) गद्यांश में आए 'झल्लाहट' शब्द का आशय है– 1
(a) ततौंरा के प्रति प्रेम–प्रदर्शन का उल्लास (b) ततौंरा से छुटकारा पाने की व्याकुलता
(c) ततौंरा के गीत सुनाने संबंधी आग्रह की खीझ (d) ततौंरा से मिलने के उत्साह का क्षोभ
उत्तर–(b) ततौंरा से छुटकारा पाने की व्याकुलता

(ii) बामीरो अपने मन को किसी अन्य दिशा में ले जाने का प्रयास क्यों कर रही थी ? **1**

(a) तताँरा का व्यक्तित्व उसे लुभा रहा था ।
(b) तताँरा के प्रति प्रेम से वह व्याकुल हो रही थी।
(c) तताँरा को वह गीत नहीं सुनाना चाहती थी।
(d) तताँरा के साथ वह संबंध नहीं बनाना चाहती थी।

उत्तर–(a) तताँरा का व्यक्तित्व उसे लुभा रहा था ।

(iii) तताँरा का व्यक्तित्व वामीरो के लिए था **1**

(a) प्रतिकूल (b) मनोनुकूल (c) कष्टदायक (d) अशांतिदायक

उत्तर–(b) मनोनुकूल

(iv) गद्यांश के अनुसार कौन–सा संबंध परंपरा के विरुद्ध माना गया है? **1**

(a) दूर के गाँव में वर–कन्या का वैवाहिक संबंध
(b) एक कुल के वर और कन्या का आपसी संबंध
(c) दूसरे गाँव के वर और कन्या का वैवाहिक संबंध
(d) एक गाँव के ही वर और कन्या का वैवाहिक संबंध

उत्तर–(c) दूसरे गाँव के वर और कन्या का वैवाहिक संबंध

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए: **1**

**कथन (A) :** बामीरो ने तताँरा को भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा ।
**कारण (R) :** वह बेहद शांत, सभ्य और भोला था।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।
(c) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

उत्तर–(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

**10. पठित गदय पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए** **2 × 1 = 2**

(i) ''तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र पाठ के आधार पर लिखिए कि भारतीय फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी क्या है? **1**

(a) लोक तत्त्व का अभाव (b) लोक कला का अभाव
(c) लोक संगीत का अभाव (d) लोक कल्याण का अभाव

उत्तर–(a) लोक तत्त्व का अभाव

(ii) झेन की देन पाठ के संदर्भ में लिखिए कि मनोरुग्णता से बचाव कैसे किया जा सकता है ? **1**

(a) अमेरिका जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा भावना का त्याग करके ।
(b) अमेरिका जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा में आगे निकल कर ।
(c) अतीत और भविष्य की चिंता छोड़ वर्तमान में जी कर ।
(d) वर्तमान की चिंता त्याग अतीत और भविष्य में जी कर ।

उत्तर–(c) अतीत और भविष्य की चिंता छोड़ वर्तमान में जी कर ।

# खंड 'ब'
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: 2 × 3 = 6**

(क) 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक की माँ द्वारा उन्हें समय–समय पर क्या निर्देश दिए जाते थे ? उन निर्देशों के माध्यम से पाठकों को क्या सीख दी गई है ?

उत्तर–'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के अनुसार लेखक की माँ सूर्यास्त के बाद आँगन के पेड़ों के पत्ते तोड़ने के लिए मना करती थी। वह कहती थी कि इस समय पत्ते तोड़ने से पेड़ रोते हैं। और दिया–बत्ती के समय फूल तोड़ने से फूल बद्दुआ देते हैं।

(ख) 'ततँारा –वामीरो कथा' के आधार पर लिखिए कि 'पशु पर्व में ततँारा के क्रोधित होने का क्या कारण था ?

उत्तर–पासा गाँव में पशु–पर्व का आयोजन हुआ। इस पर्व में पशुओं का प्रदर्शन और पशुओं एवं युवकों के बीच शक्ति प्रदर्शन, उत्सव, नृत्य, भोजन आदि होता था, किंतु ततँारा यहाँ भी वामीरो को ही तलाशता रहा। अचानक उसे लगा कि कोई उसे नारियल के झुरमुट से देख रहा है। यह वामी थी।

वह ततँारा को देखकर जोर से रो पड़ी और धीरे–धीरे उसके रोने का स्वर ऊँचा होता गया। उसके रोने की आवाज सुनकर वामीरो की माँ वहाँ आ गई और उसने ततँारा का बहुत अपमान किया। ततँारा से यह सहन नहीं हुआ। उसने क्रोध में आकर अपनी लकड़ी की तलवार निकाली और उसे पूरी शक्ति के साथ धरती में गाड़ दिया। इसके बाद वह उसे खींचते–खींचते दूर तक चला गया। तलवार को जमीन में गाड़े हुए वह द्वीप के अंतिम छोर तक पहुँच गया।

(ग) खेलों में रुचि होते हुए भी बड़े भाई साहब अपने शौक को पूरा क्यों नहीं कर पाते थे ?

उत्तर–बड़े भाई की उम्र छोटे भाई से पाँच वर्ष अधिक थी। वे होस्टल में छोटे भाई के अभिभावक के रूप में थे। उन्हें भी खेलने पतंग उड़ाने तमाशे देखने का शौक था परन्तु अगर वे ठीक रास्ते पर न चलते तो भाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी नही निभापाते। अपने नैतिक कर्त्तव्य का बोध होने के कारण उन्हें अपने मन की इच्छाएँ दबानी पड़ती थीं।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: 2 × 3 = 6**

(क) साखी' पाठ के आधार पर घर की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कबीर अपने बताए मार्ग पर चलने वालों का घर क्यों जलाना चाहते हैं ?

उत्तर–कबीरदास कहते हैं कि मैंने विरह और ईश्वर भक्ति से जलती हुई मशाल को हाथ में लेकर अपने घर को जला लिया है अर्थात् मैंने भक्ति में भरकर अपनी सांसारिक विषय–वासनाओं को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। अब जो–जो भक्त मेरे साथ भक्ति के मार्ग पर जाने को तैयार हों, मैं उनका सांसारिक विषय–वासनाओं का घर भी जला डालूँगा और उनके हृदय में ईश्वर के प्रति प्रेम की भावना जगा दूँगा।

(ख) 'हैं झाँक रहे नीरव नभ पर' 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता से ली गई पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर–पहाड़ों पर उगे हुए विशाल एवं ऊँचे पेड़ों के मन में ऊँची–ऊँची आकांक्षाएँ छिपी हैं। ये शांत आकाश को बिना पलक झपकाए, अटल और कुछ चिंता में डूबे हुए से झाँक रहे हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे वे आकाश के रहस्यों को जानना चाहते हों।

(ग) मनुष्यता कविता के संदर्भ में लिखिए कि उदार लोगों के प्रति संसार कैसा आचरण करता है ?

उत्तर–उदारता मनुष्य का श्रेष्ठतम गुण है। ऐसे उदार लोगों की दूर–दूर तक चर्चा होती है। उनका यशोगान साहित्य एवं इतिहास में वर्णित होता है। धरती उदार लोगों की ऋणी होती है। ऐसे उदार मनुष्यों की सजीव कीर्ति असीम विश्व की प्रवृत्ति को प्रभावित करती है। उदार मनुष्य को संसार श्रद्धा की दृष्टि से देखता है। ऐसा मनुष्य ही सच्चे अर्थो में मनुष्य होता है, जिसमें प्राणी मात्र के लिए उदारता का भाव होता है।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: 2 × 3 = 6**

(क) हरिहर काका' कहानी की पृष्ठभूमि ग्रामीण जीवन पर आधारित है, जिसमें पारिवारिक संबंधों के निःस्वार्थ प्रेम के स्थान पर बढ़ती स्वार्थ लिप्सा को दर्शाया गया है। क्या यह कहानी शहरी जीवन के यथार्थ को भी उजागर करती है? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर–वर्तमान परिपेक्ष्य के आधार पर देखे तो इस भौतिक युग में रिश्ते व्यक्ति के भावनाओं पर न टिके होकर उसकी जमीन जायदाद पर टिके हुए है। आम –शहरी सभ्यता जो दिखावटी सस्कृति कर घोतक है इसमें रिश्तों की अहमियतता वही तक है जब तक स्वार्थ पूर्ति नहीं हो जाती है। इसकी कारण शहरी सभ्यता में रिश्ते कभी भी मजबूती प्रदान नहीं है।

(ख) सपनों के–से दिन' पाठ में वर्णित 'ओमा' जैसा व्यक्तित्व कभी भी अनुकरणीय क्यों नहीं हो सकता ?

उत्तर–क्योंकि ओमा एक ठीठ बालक था। था। वह स्कूल के गृहकार्य की अपेक्षा स्कूल अध्यापको की पिटाई को सस्ता सौदा समझता था।

(ग) इफ्फन का अपनी दादी से विशेष लगाव होने के क्या कारण थे? टोपी शुक्ला कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर–इफ्फन को अपनी दादी से बड़ा प्यार था। उसे अपने पिता, बहन, माता तथा छोटी बहन नुजहत से भी लगाव था, किंतु दादी में तो जैसे उसके प्राण बसते थे। घर के अन्य सदस्य उसे कभी–कभार डाँटते–डपटते या फिर पिटाई भी कर डालते। छोटी बहन भी उसकी कॉपियों के पन्नों से हवाई जहाज बनाने लगती। बस एक दादी थीं, जिन्होंने कभी इफ्फन का दिल नहीं दुखाया। वह रात को उसे ढेर सारी कहानियाँ सुनाया करती थीं। उसे दादी की ग्रामीण बोली बड़ी अच्छी लगती थी। इफ्फन भी अपनी दादी की तरह बोलना चाहता था, पर उसके अब्बू उसे नहीं बोलने देते थे। इफ्फन अपनी दादी के प्रेम तथा उनकी सादगी से अत्यधिक प्रभावित था। दादी के प्रति उसका स्नेह पारिवारिक परिस्थितियों तथा उसकी भावुकता के कारण विकसित हुआ था।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत– बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: 1 × 5 = 5**

(क) पार्क में खेलते बच्चे

**संकेत बिंदु–**

- पार्क की शोभा • बच्चों द्वारा खेले जाने वाले खेलों का प्रारूप, • बच्चों का उत्साह, • उमंग और प्रसन्नता,
- उपस्थित लोगों की प्रतिक्रिया

(ख) बड़े मॉल : रोजगार के नवीन अवसर

**संकेत–बिंदु –**

- क्या है? • अलग कैसे? • सकारात्मक नकारात्मक प्रभाव, • सुझाव

(ग) नारी सशक्तिकरण : सुदृढ़ समाज का आधार

**संकेत–**

- बिंदु क्या है? • क्यों ? • बाधाएँ • सुझाव

उत्तर– (ग) महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके सभी अधिकारों के साथ सशक्त बनाना, जो उन्हें एक पुरुष की तरह परिवार, समाज, स्कूल, कलेज और देश में होना चाहिए। यह उन्हें सक्षम बनाने के लिए है ताकि वे अपने व्यक्तिगत विकास के लिए स्वतंत्र निर्णय ले सकें। लैंगिक असमानता के कारण भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति अभी भी पिछड़ी हुई है।

महिलाओं को भी पुरुषों के समान अधिकार दिए जाने चाहिए ताकि वे वास्तव में उन्हें सशक्त बना सकें। उन्हें समाज के कमजोर लिंग के रूप में नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि वे देश की लगभग आधी आबादी पर कब्जा करते हैं, इसलिए वे देश की आधी ताकत हैं। महिलाओं में अधिक धैर्य और प्रयास है। वे अपने देश का बेहतर विकास कर सकते हैं।

**15.** (क) आप ललितपुर निवासी मानव/मानवी हैं। अपने क्षेत्र की सड़कों के खराब रख–रखाव से होने वाली असुविधाओं के बारे में बताते हुए नगर निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप प्रयाग निवासी रीतेश मुखर्जी/रीता मुखर्जी हैं। आपका फेसबुक अकाउंट हैक हो गया है और उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। इसकी शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के साइबर सेल को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

उत्तर– (क)

सेवा में,
नगरपालिका अध्यक्ष
ललितपुर, बिहार।

**विषय :** सड़कों की मरम्मत हेतु ।

महोदय,
मैं आपका ध्यान हमारे क्षेत्र ललितपुर की सड़कों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जो काफी लंबे समय से टूटी–फूटी है। इन सड़कों में जगह–जगह पर बड़े–बड़े गड्ढे मौजूद हैं। बरसात के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाता है। जिससे यातायात की दिक्कतें और बढ़ जाती है। यह मार्ग हमारे क्षेत्र की मुख्य सड़क है।
अतः महोदय से अनुरोध है कि हमारे क्षेत्र की इस मुख्य सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द शुरू कराई जाए। जिसके लिए हम ग्रामवासी आपके सदा आभारी रहेंगे।
भवदीय
मानव
पताः
हस्ताक्षर :

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए: 1 × 4 = 4**

(क) आप सुनील शर्मा/सुनीता शर्मा हैं और बाल विकास विद्यालय के विद्यार्थी सचिव हैं। विजय दिवस के अवसर पर विद्यालय में होने वाली अंतरविद्यालयी निबंध प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ख) आप निवासी कल्याण संघ के/की अध्यक्ष/अध्यक्षा अमृत कौशल/अमृता रानी हैं। सोसायटी में आयोजित होने वाले दिवाली मेले की जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

उत्तर– (क)

**सूचना**

**''अर्न्तविद्यालयी निबन्ध प्रतियोगिता''**

**दिनांकः** 17 मार्च 2023
सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि हमारे अर्न्तविद्यालयी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 20 मई 2023 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्कूल के सभागार में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी तैयारी के लिए हिंदी विभागाध्यक्षा से मिले।
सुनील शर्मा (सचिव)
बाहरवीं

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए: 1 × 3 = 3**

(क) 'कचरा प्रबंधन' के प्रति आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ख) 'सोलर कूकर' बनाने वाली कंपनी सूर्यरश्मि के प्रचार–प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

उत्तर– (ख)

# विज्ञापन

## सूर्यरश्मि कंपनी द्वारा निर्मित

### ''सोलर कुकर लाइए, गैस का खर्चा बचाइए''

**विशिष्ट आकर्षण :**



⇒ सोलर कुकर सौर ऊर्जा का उपयोग करके खाना पकाने के काम आती है।

⇒ इससे ईंधन की बचत होती है।

⇒ इसमे खाने की वस्तुएँ एक साथ पकासी जा सकती है।

⇒ इसमें खाने की वस्तुओं के पोषक तत्व नष्ट नहीं होते ।

⇒ केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी योजनाएँ।

⇒ विभिन्न आकारों व आकर्षक मॉडल में उपलब्ध।

पता : ..............................................

**18.** (क) 'संगति का फल शीर्षक विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप रोहन दास/रोहिणी दास हैं। 'अ.ब.स.' पुस्तक भंडार के प्रबंधक महोदय को अपने घर के पते पर पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक भंडार के ई–मेल पते पर लगभग 100 शब्दों में ई–मेल लिखिए।

उत्तर– (क)

पुराने समय की बात है। एक राज्य में एक राजा था। किसी कारण से वह अन्य गाँव में जाना चाहता था। एक दिन वह धनुष–बाण सहित पैदल ही चल पड़ा। चलते–चलते राजा थक गया। अतः वह बीच रास्ते में ही एक विशाल पेड़ के नीचे बैठ गया। राजा अपने धनुष–बाण बगल में रखकर, चद्दर ओढ़कर सो गया। थोड़ी ही देर में उसे गहरी नींद लग गई।

उसी पेड़ की खाली डाली पर एक कौआ बैठा था। उसने नीचे सोए हुए राजा पर बीट कर दी। बीट से राजा की चादर गंदी हो गई थी। राजा खर्राटे ले रहा था। उसे पता नहीं चला कि उसकी चादर खराब हो गई है।

कुछ समय के पश्चात कौआ वहाँ से उड़कर चला गया और थोड़ी ही देर में एक हंस उड़ता हुआ आया। हंस उसी डाली पर और उसी जगह पर बैठा, जहाँ पहले वह कौआ बैठा हुआ था अब अचानक राजा की नींद खुली। उठते ही जब उसने अपनी चादर देखी तो वह बीट से गंदी हो चुकी थी।

राजा स्वभाव से बड़ा क्रोधी था। उसकी नजर ऊपर वाली डाली पर गई, जहाँ हंस बैठा हुआ था। राजा ने समझा कि यह सब इसी हंस की ओछी हरकत है। इसी ने मेरी चादर गंदी की है।

क्रोधी राजा ने आव देखा न ताव, ऊपर बैठे हंस को अपना तीखा बाण चलाकर, उसे घायल कर दिया। हंस बेचारा घायल होकर नीचे गिर पड़ा और तड़पने लगा। वह तड़पते हुए राजा से कहने लगा–

'अहं काको हतो राजन् !
हंसाऽहंनिर्मला जलः।
दुष्ट स्थान प्रभावेन,
जातो जन्म निरर्थक।।'

अर्थात हे राजन् ! मैंने ऐसा कौन सा अपराध किया, तुमने मुझे अपने तीखे बाणों का निशाना बनाया है? मैं तो निर्मल जल में रहने वाला प्राणी हूँ? ईश्वर की कैसी लीला है। सिर्फ एक बार कौए जैसे दुष्ट प्राणी की जगह पर बैठने मात्र से ही व्यर्थ में मेरे प्राण चले जा रहे हैं, फिर दुष्टों के साथ सदा रहने वालों का क्या हाल होता होगा?

हंस ने प्राण छोड़ने से पूर्व कहा – 'हे राजन् ! दुष्टों की संगति नहीं करना। क्योंकि उनकी संगति का फल भी ऐसा ही होता है।' राजा को अपने किए अपराध का बोध हो गया। वह अब पश्चाताप करने लगा।

**अथवा**

(ख)

प्रेषक ———————
प्रेषिती/प्रेषकर्ता ——————
**विषय–** पुस्तकें मँगवाने हेतु।
प्रबन्धक महोदय,
——————————————————————————————
——————————————————————————————
——————————————————————————————
——————————————————————————————
धन्यवाद!
भवदीय
अ ब स

# Resonance®
Educating for better tomorrow

## SUCCESS AT JEE (ADV.) / NEET (UG) 2022

# RESONites ने फिर लहराया सफलता का परचम

**STUDENTS FROM CLASSROOM PROGRAM (ONLINE / OFFLINE)**

## JEE (ADV.) 2022

AIR **6**

**KARTHIKEYA POLISETTY**
Reso Roll No. 21925115
Course: i-VIJETA

AIR **8**

**DHEERAJ KURUKUNDA**
Reso Roll No. 21925114
Course: i-VIJETA




## NEET (UG) 2022

AIR **13**

**VRAJESH V. SHETTY**
Reso Roll No. B20013403
Classroom (ResoBASE)

AIR **27**

**RISHIT AGARWAL**
Reso Roll No. 2153775
Online Classroom




RRN: Reso Roll No.

## 8 ALL INDIA RANKS IN TOP-60



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ZONAL RANK-2 IIT BHUBANESWAR | ZONAL RANK-1 IIT GUWAHATI | | | | ZONAL RANK-1 IIT KANPUR |
| AIR 11 | AIR 15 | AIR 35 | AIR 50 | AIR 54 | AIR 58 |
| DEEVYANSHU MALU | ABHIJEET ANAND | SANSKAR SHAURYA | ANIRUDH GARG | SOUMITRA D. NAYAK | KANISHK SHARMA |
| RRN: 21219044 | RRN: 21925116 | RRN: 21925113 | RRN: 21220122 | RRN: 21220554 | RRN: 21220454 |
| Course: i-VIJETA | Course: i-VIJETA | Course: i-VIJETA | Course: i-VIJETA | Course: i-VIJETA | Course: i-VIJETA |

## 10 ALL INDIA RANKS IN TOP-1000



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CITY TOPPER JAMNAGAR | | | | | | | |
| AIR 209 | AIR 323 | AIR 414 | AIR 547 | AIR 645 | AIR 680 | AIR 779 | AIR 895 |
| THANAK M. PARMAR | NITHIN S | LYSIRI N. BABU | VRISHAN V. SHETTY | NITHIN D | PRIYANSHU SINHA | PRANAV D | SAMIT SEN |
| RRN: 20173217 | RRN: B19023058 | RRN: B17281512 | RRN: B20013404 | RRN: B20011564 | RRN: 20530533 | RRN: 20530533 | RRN: B20001850 |

**43.74%** Selection Ratio in JEE (Advanced) 2022

**86.92%** Selection Ratio in NEET (UG) 2022

*Heartiest Congratulations to All...*



**Resonance Eduventures Ltd.**
Follow us at

Kota Study Centre & Registered Corporate Office:
CG Tower, A-46 & 52, IPIA, Near City Mall,
Jhalawar Road, Kota (Raj.) - 324005

0744-2777777, 2777700 | 83067 41444
Toll Free: 1800 258 5555 | CIN: U80302RJ2007PLC024029
e-mail: contact@resonance.ac.in | visit: www.resonance.ac.in